

डिजिटल पत्रिका

अंक–: षड्विशति पुष्प, फरवरी 2024

# अवध विहान

# अवध—विहान

## संरक्षक

**मा. यतीन्द्र शर्मा जी**
अ.भा. सहसंगठन मंत्री
विद्या भारती

## मार्गदर्शक मण्डल

**मा. हेमचन्द्र जी**
क्षेत्रीय संगठन मंत्री
विद्या भारती पूर्वी उ0प्र0 क्षेत्र

**मा. हरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव जी**
अध्यक्ष
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. डॉ. महेन्द्र कुमार जी**
मंत्री
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. रामजी सिंह जी**
प्रदेश निरीक्षक
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. सुरेश कुमार सिंह जी**
सम्भाग निरीक्षक (सीतापुर सम्भाग)
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. अवरीश कुमार जी**
सम्भाग निरीक्षक (साकेत सम्भाग)
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

## सम्पादक मण्डल

### प्रधान सम्पादक

**डॉ. योगेन्द्र प्रताप सिंह**
प्रान्त प्रचार प्रमुख, भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

### सहसम्पादक

**श्रीमती निधि द्विवेदी**
प्रधानाचार्य
स.बा.वि.म..इ.का., सरस्वती नगर
रायबरेली

**श्रीमती शिप्रा बाजपेई**
प्रधानाचार्य
स.ध.स.वि.बा.इ.का.
लखीमपुर—खीरी

### विशेष सहयोग

**जितेन्द्र पाण्डेय**
प्रान्त सोशल मीडिया प्रमुख
अवध प्रान्त

# सम्पादक की कलम से –



जीवन में संस्कार सबसे महत्वपूर्ण होता है। संस्कारहीन व्यक्ति पशु के समान होता है, जिसे मान–मर्यादा, अपना–पराया, रिश्ते संबंधों का बोध नहीं होता है। संस्कार संस्कृति को जीवित रखते हैं। संस्कार की मुहर जीवन के सिक्के को बहुमूल्य बना देती है। भारतीय दर्शन में मां के गर्भ में बच्चे का आना ही संस्कार का प्रथम सोपान है। जिसे हम गर्भाधान संस्कार कहते हैं। गर्भ के दूसरे या तीसरे महीने में किया जाने वाला संस्कार पुसंवन संस्कार कहलाता है, जिससे गर्भस्थ शिशु का बौद्धिक एवं मानसिक विकास होता है। इसी प्रकार मानव जीवन में कुल 16 संस्कार होते हैं इन 16 संस्कारों में विद्यारम्भ संस्कार नौवा संस्कार होता है। यह संस्कार बालक को उत्तमोत्तम विद्या प्रदान करने वाला होता है। येषां न विद्या न तपो न दानं ज्ञानं न शीलं न गुणो न धर्मः अर्थात जिस मनुष्य के पास विद्या, तप, दान की भावना, ज्ञान, शील, मानवी गुण, धर्म में सलंग्नता का अभाव हो वह इस मरणशील संसार में धरती पर बोझ बने हुए मनुष्य रूप में विचरण करने वाला पशु है। उसी प्रकार संस्कार विहीन बालक का जीवन अंधकारमय में हो जाता है। संस्कार के बीज विशाल वट वृक्ष को जन्म देते हैं। जिस प्रकार कोरे कागज का कोई मूल्य नहीं होता है, उसी प्रकार संस्कार विहीन व्यक्ति का जीवन शून्य है। संस्कार मनुष्य को आदर्श और चरित्रवान बनाते हैं। आधुनिक जीवन में संस्कारों की कमी हो रही है। माता–पिता बच्चों को कुशल शिल्पकार की तरह अच्छे संस्कारों से सुसज्जित करें। संस्कारयुक्त शिक्षा ही मानव धर्म का बोध कराती है। बल्कि संस्कार युक्त शिक्षा से सामाजिक कुरीतियों का भी नाश होता है। संस्कार युक्त शिक्षा ही छात्रों को भविष्य का एक जिम्मेदार नागरिक बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह**
**प्रधान सम्पादक**
**पं0 दीनदयाल उपाध्याय स.वि.म.इ.का.**
**लखीमपुर–खीरी**

# लखनऊ संकुल



## प्रदेश निरीक्षक जी द्वारा किया गया निरीक्षण



सरस्वती विद्या मंदिर निराला नगर लखनऊ में माननीय प्रदेश निरीक्षक जी ने निरीक्षण किया जिसका शुभारम्भ वन्दना सभा में सरस्वती वंदना से दीप जलाकर हुआ और तत्पश्चात भैया बहनो से संवाद किया और अपना यशस्वी उद्‌बोधन दिया तथा सभी आचार्य एवम आचार्य बहनों के साथ बैठक की ,विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य श्री राम तीर्थ जी ने स्मृति चिन्ह व अँग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

## विद्या के मन्दिर में हुई स्वच्छता



प्रधानाचार्य श्री संतोष सिंह के आह्वान पर सभी ने मिल कर पूरे मंदिर को साफ किया तथा स्वछता का संदेश दिया। सरस्वती विद्या मंदिर सेक्टर क्यू अलीगंज के आदरणीय प्रबंधक डॉक्टर शैलेश मिश्र व प्रधानाचार्य श्री संतोष कुमार सिंह ने सभी का हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त करते हुए इस अभियान को आगे बढ़ाने का भी संकल्प दिलाया ।

# पाटी पूजन कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया









ज्ञान की देवी मां सरस्वती प्राकट्य के अवसर पर पूजन, हवन तथा आरती प्रधानाचार्य श्री संतोष सिंह ,प्रबंधक डॉक्टर शैलेश मिश्र ,कोषाध्यक्ष सचिन गुप्ता सहित गणमान्य अतिथियों व आचार्यों द्वारा की गई । इसके उपरांत छोटे छोटे नन्हे मुन्नों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुति से सभी को भाव विभोर कर दिया । इसके बाद सभी बच्चों ने अपने माता पिता की आरती उतार कर पूजन किया । सभी नन्हे नन्हे शिशुओं का पाटी पूजन उनकी मांताओं ने राम लिखा कर कराया । भारतीय संस्कृति के 16 संस्कारों में से एक नन्हे मुन्नों का विद्यारंभ संस्कार ( पाटी पूजन ) एवं मातृ पितृ पूजन दिवस का आयोजन आज सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर क्यू अलीगंज में आज संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमान आर एस सिंह एनटीपीसी के पूर्व जनरल मैनेजर उनकी पत्नी श्रीमती कंचन सिंह,विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर शैलेश मिश्र , कोषाध्यक्ष तथा क्षेत्रीय सह संपर्क प्रमुख व प्रतिष्ठित व्यवसाई श्रीमान सचिन गुप्त जी, संघ के प्रचारक श्रीमान सतीश जी , इंडोनेशिया से आए विद्यालय के पूर्व संगीताचार्य श्री राकेश केतन मिश्र , विद्यालय के पूर्व छात्र शरद अग्रवाल जी,समाज सेविका श्रीमती मंजू सिंह सहित बड़ी संख्या में अभिभावक व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के आदरणीय प्रबंधक जी ने सभी का आभार प्रकट किया। वन्देमातरम व प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम संपन्न हुआ ।



# वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया




सरस्वती विद्या मंदिर निराला नगर लखनऊ विद्यालय का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम विद्यालय परिसर स्थित माधव सभागार में 10 फरवरी 2024 को सायं 4 बजे सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में नर्सरी से इंटर तक के भैया बहनो ने आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रमो में सरस्वती वन्दना,लोक गीत,अभिनय गीत,आदि कार्यक्रम सुन्दर और आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किये गय्रे।सैनिक वेश भूषा में सरहद पे चले,सैनिक कार्यक्रम,अंग्रेजी एकांकी रानी लक्ष्मीबाई, शबरी की भक्ति– एकांकी दर्शको के लिये आकर्षण का केन्द्र रहा।छोटे छोटे बच्चों ने अपनी सुन्दर प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. एल पी मिश्र, वरिष्ठ अधिवक्ता माननीय उच्च न्यायालय लखनऊ ने अपने उद्बोधन मे विद्यालय व विद्यालय कार्यक्रम के बच्चॉ की भूरि भूरि प्रशंसा किया।उन्होने कहा वर्तमान स्थिति मे ऐसे विद्यालयों की आवश्यकता है,जो पढाई क साथ संस्कारों की शिक्षा देता है।कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश श्रीवास्तव,सामाजिक कार्यकर्ता ने अपने उद्बोधन में कहा की सभी कार्यक्रम राष्ट्रीयता व देशभक्ति का संदेश दे रहे हैं।यहाँ के बच्चों का अनुशाशन व सम्बोधन दोनो सराहनीय रहा। प्रदेश निरीक्षक श्री राम सिंह जी ने विद्या भारती के तत्वाधान में चल रहे शिशु मन्दिर व विद्या मन्दिरों के क्रियाकलापों व बच्चों के सर्वांगीण विकास पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राम तीर्थ वर्मा जी ने अतिथियों का परिचय कराया तथा आभार विद्यालय के प्रबंधक श्री शैलेन्द्र शर्मा जी ने किया।

# मार्गदर्शन प्राप्त हुआ







संपूर्ण भारत में विद्याभारती के11क्षेत्रों को क्रमशः एक एक प्रदेश और जिलों के अनुसार समझा कर बच्चों को याद कराने वाले संघ के वरिष्ठ प्रचारक तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के संगठन मंत्री आदरणीय शाहू जी का पाथेय प्राप्त हुआ भाऊ राव देवरस सरस्वती विद्या मंदिर सेक्टर क्यू अलीगंज के विद्यालय परिवार को। आज प्रातः वंदना सभा में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान संतोष जी ने अतिथि परिचय व स्वागत कराया तथा मंच का संचालन वरिष्ठ आचार्य श्री सोमदेव शर्मा ने किया । बहन अदिति शुक्ला ने सामाजिक समरसता गीत सुनाकर तथा प्राथमिक के भईया बहनों ने अनपढ़ को पढ़ाने की लघु नाटिका प्रस्तुत कर विद्याभारती के उद्देश्यों को साकार किया। पोर्टब्लेयर में विद्याभारती की बैठक से वापस आए श्रीमान साहू जी ने वहां विद्याभारती की पूर्व छात्रा वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की इच्छा से निकोबार द्वीपसमूह में विद्यालय खोलने की योजना की चर्चा की तथा अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के लोग भारत को मेन लैंड अर्थात मुख्य भूमि कहते है और कुछ समय पूर्व तक अपने को भारत से अलग मानते थे ।

# अयोध्या संकुल

## पाटी पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ



अयोध्या, विद्या भारती विद्यालय शिवलाल शर्मा सरस्वती शिशु मंदिर तुलसी नगर अयोध्या में बसंत पंचमी व पाटी पूजन का कार्यक्रम हवन पूजन के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार श्री चंद्र मोहन श्रीवास्तव जी उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री ओम प्रकाश तिवारी जी ने अतिथियों का परिचय कराया । श्रीमती ममता पांडे जी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुत की। वंदना प्रमुख श्रीमती प्रियंका त्रिपाठी जी ने वंदना व साज सज्जा की प्रस्तुत की।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शारीरिक प्रमुख आचार्य श्री विनीत कुमार मिश्र जी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य श्री सर्वानंद मिश्रा, प्रिया सिंह जी, शशि बाला तिवारी, कविता मिश्रा सुधीर जी, अर्जुन जी, नेहा जी, अंकिता जी, ज्योतिष जी तथा समस्त अभिभावकों ने अपना सराहनीय योगदान दिया।

## स्मार्ट क्लास का लोकार्पण किया




अयोध्या, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर अयोध्या में स्वर्ण जयंती वर्ष के समापन के अवसर पर विधायक निधि से निर्मित मुख्य अतिथि अयोध्या विधायक श्री वेद प्रकाश गुप्त द्वारा डिजिटल लाइब्रेरी एवं स्मार्ट क्लास का लोकार्पण किया गया कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि यशस्वी प्रदेश निरीक्षक श्री राम जी सिंह भाई साहब द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। अयोध्या के पूज्य संत महंत श्री गिरीशपति त्रिपाठी महापौर अयोध्या द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई एवं आधुनिक युग का शौचालय निर्माण कराने की भी घोषणा की गई।

# सीतापुर संकुल

## रामरथ यात्रा का आयोजन किया गया




सरस्वती शिशु मंदिर पुरवारी टोला बिसवां , सीतापुर में घर–घर से राम बनने के उपलक्ष्य में राममय वातावरण निर्माण हेतु राम रथ यात्रा का संचलन डीजे एवं घोष के साथ बिसवां नगर में किया गया , जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर पुरवारी टोला बिसवां – सीतापुर / बालिका विद्या मंदिर बिसवां सीतापुर के लगभग 235 भैया / बहिन भारत माता , राम–सीता , लक्ष्मण , हनुमान के रूप में सजकर सम्मिलित हुए तथा नगर के गणमान्य व्यक्ति , शिशु मंदिर / बालिका विद्या मंदिर की प्रबंध समिति के बंधु बहिनें , बिसवां जिले के जिला प्रचारक जी , नगर प्रचारक जी , बिसवां जिले के वर्तमान विधायक श्री निर्मल वर्मा जी , पूर्व विधायक श्री महेंद्र सिंह यादव जी सम्मिलित हुए संचलन का प्रारंभ सरस्वती शिशु मंदिर पुरवारी टोला बिसवां – सीतापुर के यशस्वी प्रबंधक श्री दिनेश चंद्रगुप्त जी ने किया , आए हुए गणमान्य व्यक्तियों ने ईश्वररूप में सजे हुए भैया / बहिनों की आरती उतारी , सभी पधारे हुए भक्तजनों , अभिभावक बंधु , माताओं / बहिनों का साथ में पुलिस प्रशासन का आभार ज्ञापन विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रामानुज चौरसिया जी द्वारा किया गया , प्रभु श्रीराम विश्व के सभी बंधु / बहिनों एवं भैया /बहिनों का कल्याण करें , विद्यालय परिवार की ओर से सभी को राम रथ यात्रा की बहुत – बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं।








# नेताजी सुभाषचन्द्र जी की जयन्ती मनायी गयी




जुगुल जुगुल किशोर गोविंद प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, लहरपुर में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाई गई।इस अवसर पर भैया हर्षित दीक्षित ने अपने विचार रखे।इसके उपरान्त आचार्य आशीष जी ने भी नेता जी के बारे में अपने विचार रखे और एक लघु कथा के माध्यम से बोर्ड परीक्षार्थियों को एकाग्रता के लाभ बताये।कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य श्री अनुराग मिश्र जी ने भी नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत प्रकाश डाला।

# रामरथ यात्रा का आयोजन किया गया




सरस्वती सरस्वती शिशु मंदिर पुरवारी टोला बिसवां ,सीतापुर के विद्यालय में सरस्वती जन्मोत्सव एवं विद्यारंभ संस्कार का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया । इस पावन अवसर पर यजमान के रूप में हमारे विद्यालय के पूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष श्रीमानरोहित मिश्रा जी सपत्नीक एवं विद्यालय प्रबंध समिति के यशस्वी प्रबंधक श्रीमान दिनेश चंद्रगुप्त जी विद्यालय के अध्यक्ष श्रीमान राजा राम गुप्त जी एवंसाधारण सभा के सम्मानित सदस्य श्रीमान बलराम सिंह वर्मा जी एवं विमलेश कुमार अवस्थी जी उपस्थित रहे। बालिका विद्या मंदिर की अध्यक्षा श्रीमती रजनी गुप्ता जी मातृ भारती की संरक्षिका श्रीमती शिखा गुप्ता जी एवं मातृ भारती की कोषाध्यक्षा श्रीमती किरण गुप्ता जी भी उपस्थित रही। इस पावन पवित्र अवसर पर भैया बहनों की रूप सज्जा प्रतियोगिता भी संपन्न कराई गई। नगर से लगभग 365 माताएं बहने, अभिभावक बंधुओ कीउपस्थिति रही। विद्यालय में विद्यारंभ संस्कार में 32 भैया बहनों का पार्टी पूजन कार्यक्रम संपन्न किया गया। पार्टी पूजन के उपरांत छोटे–छोटेभैयायो ने अपने माता–पिता की आरती उतारी साथ में मां सरस्वती कोनत मस्तक करते हुए कल्याणकारी जीवन जीने का

आशीर्वाद प्राप्त किया। आए हुए अतिथि महानुभावों, माताओं बहनों एवं अभिभावकों का आभार विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान रामानुज चौरसिया जी द्वारा ज्ञापित किया गया। कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।








## बसन्तोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया



आनन्दी देवी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज, सीतापुर में माँ सरस्वती के जन्मोत्सव पर 11 हवनकुण्डो की स्थापना की गई। कार्यक्रम का प्रारम्भ सरस्वती वन्दना के साथ हुआ। तत्पश्चात विद्यालय के पुरोहितों डॉ0 विद्यानन्द मिश्र तथा सत्यव्रत शुक्ल ने हवन–पूजन के साथ विद्यारम्भ संस्कार व सरस्वती पूजन सम्पन्न कराया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राम निवास सिंह ने वसन्तोत्सव कार्यक्रम के महत्व के साथ वीर हकीकत राय के बलिदान दिवस तथा सुमित्रा नन्दन पंत के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र अग्निहोत्री, उपाध्यक्ष भँवर सिंह, प्रबन्धक श्रीराम रस्तोगी, कोषाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, सदस्य मनु शर्मा, जगदीश शरण अग्रवाल व दिनेश राय सहित अभिभावक, आचार्य व छात्र उपस्थित रहे। विद्यालय की बहनों द्वारा सास्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

# विद्यालय हुआ गौरवान्वित



आनन्दीदेवी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज सीतापुर के सत्र 2009 में इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले भैया अनुराग मिश्र का चयन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से असिस्टेंट लेबर कमिश्नर के पद पर चयन हुआ। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राम निवास सिंह ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# बहराइच संकुल

## सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज माधवपुरी, बहराइच में डी.एम. श्रीमती मोनिका रानी व एस.पी. श्रीमती बृन्दा शुक्ला द्वारा निरीक्षण व सरस्वती पूजन की झलकियां













# लखीमपुर संकुल

## शोभा यात्रा निकाली गयी







पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लखीमपुर द्वारा श्री राम जन्मभूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में एक भव्य शोभायात्रा लखीमपुर नगर में निकाली गई। इस शोभायात्रा में विद्यालय के भैया बहनों व विद्या भारती के नगर के सभी विद्यालयों के आचार्य, आचार्या व प्रबंध समिति ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। शोभा यात्रा में कलश यात्रा, गुरु गोविंद सिंह रथ, बालिका घोष, बालक घोष, भारत माता, शेषनाग शैया पर विष्णु जी, माता शबरी, जटायु, वानर सेना, शिवलिंग के साथ राम, हनुमान जी संजीवनी सहित, राम रावण युद्ध, राम दरबार आदि झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। यह शोभायात्रा धर्म सभा इंटर कॉलेज से संकटा देवी चौराहा होते हुए हीरालाल धर्मशाला, सदर चौराहा, मिश्राना चौराहा, इमली चौराहा, मेला मैदान चौराहा, संकटा देवी चौराहा होते हुए धर्म सभा इंटर कॉलेज पर समाप्त हुई। इस अवसर पर नगर के विद्या भारती के विद्यालयों के समस्त प्रबंध समिति के सम्मानित सदस्य श्री रवि भूषण साहनी, श्री विमल अग्रवाल, श्री महावीर प्रसाद अग्रवाल, श्री घनश्याम दास तोलानी, श्री अजय कुमार शुक्ला, श्रीमती सीमा साहनी तथा नगर के विद्या भारती के विद्यालयों के प्रधानाचार्य डॉक्टर योगेंद्र प्रताप सिंह, श्री अरविंद सिंह चौहान, श्रीमती शिप्रा वाजपेई, श्री मुनेंद्र शुक्ला, श्री राम मणि मिश्रा, श्रीमती हीरा सिंह व नगर के समस्त गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया




पंडित श्री तेज महेन्द्रा सरस्वती शिशु /विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज पलिया कलां – खीरी में 75वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया । सर्वप्रथम विद्यालय के अध्यक्ष श्री चाँद कुमार जैन एवं नगर पालिका अध्यक्ष के०बी० गुप्ता ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया भैया/बहिनों और उपस्थित महानुभावों ने राष्ट्रगान किया । भारत माता के जयघोष के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमान हरीश जी जोशी ( उप–प्रबंधक फाइनेंस बजाज हिन्दुस्तान पलिया कलां –खीरी ) एवं श्रीमान संजय शुक्ला (सह–प्रबंधक वित्त एवं लेखा बजाज हिन्दुस्तान पलिया कलां) ने किया। पुष्पार्चन प्रबंधक श्री राम बचन तिवारी जी , सह–प्रबंधक शिवपाल सिंह जी, सदस्य अभिषेक शुक्ल जी, राजेन्द्र प्रसाद तिवारी जी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर व खण्ड पलिया के प्रचारक रणवीर सिंह जी ने किया । विद्यालय की बहिनों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया । अतिथि परिचय विद्यालय के उप–प्रधानाचार्य सुनीत कुमार मिश्र जी ने कराया। प्रबंधक जी व सह–प्रबंधक जी ने मुख्य अतिथि महोदय को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया ।सदस्य अभिषेक शुक्ल व राजेन्द्र प्रसाद तिवारी जी ने विशिष्ट अतिथि संजय शुक्ला जी और नगर प्रचारक जी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया । विद्यालय के भैया/बहिनों ने सुंदर व मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण , एकल गीत , अभिनय गीत, नृत्य नाटिका आदि प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मध्य नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनूप मिश्रा, संदीप बंसल , राजीव गुप्ता का आगमन हुआ । आप सभी को भी अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमान चांद कुमार जैन ने की । विद्यालय के प्रबंधक राम बचन तिवारी जी ने बोर्ड परीक्षा में 95+ अंक लाने के लिए सभी भैया/बहिन ,आचार्य/आचार्या एवं कर्मचारीयों को प्रोत्साहित किया और बताया कि विद्यालय का उत्तरोत्तर विकास ही हमारा लक्ष्य है । कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष के०बी० गुप्ता, आलोक मिश्रा, अमित महाजन, विधायक प्रतिनिधि श्याम आनंद जी, पुरातन छात्र परिषद के अध्यक्ष विकास बाजपेई, महामंत्री अनुराग मौर्य ,प्रचार मंत्री अंकुर सिंह एवं समस्त आचार्य/आचार्या, कर्मचारी भैया/मैया उपस्थित रहे । आये हुए समस्त महानुभावों का आभार प्रदर्शन उप–प्रधानाचार्य जी ने किया। कार्यक्रम का संचालन आचार्या बीटू जी ने किया। कार्यक्रम का समापन शान्ति मंत्र के साथ हुआ । प्रसाद पाकर सभी भैया/बहिन हर्षित और प्रफुल्लित दिखाई दिये।

# सरस्वती प्रतिभा खोज परीक्षा सम्पन्न



पंडित विद्या भारती विद्यालय सनातन धर्म सरस्वती शिशु मंदिर मिश्राना लखीमपुर में भारतीय शिक्षा समिति उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित सरस्वती प्रतिभा खोज परीक्षा संपन्न हो रही है। उक्त जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं केंद्र व्यवस्था प्रमुख श्री मुनेंद्र दत्त शुक्ल ने बताया कि भारतीय शिक्षा समिति उत्तर प्रदेश द्वारा प्रतिवर्ष अवध प्रांत के सरस्वती शिशु मंदिरों एवं विद्या मंदिरों से कक्षा पंचम एवं अष्टम के अर्धवार्षिक तक 75 प्रतिशत या ऊपर अंक लाने वाले शिशुओं का चयन करके उनकी अतिरिक्त कक्षाएं चलाकर तैयारी कराई जाती है। तत्पश्चात पूरे अवध प्रांत में अलग–अलग स्थानों पर परीक्षा केंद्र निर्धारण करके उन छात्रों की परीक्षा कराई जाती है। इसी क्रम में जनपद लखीमपुर के विद्या भारती के सभी नगरीय विद्यालय से आए हुए पंचम के 53 व अष्टम के 79 कुल 132 छात्रों की परीक्षा दिनांक 09–02–2024 की सायं से दिनांक 11–02–2024 अपराह्न 2रू00 बजे तक संपन्न हो रही है। प्रांतीय परीक्षा प्रभारी के रूप में श्री मिथिलेश कुमार तिवारी, प्रधानाचार्य राजाजीपुरम् लखनऊ एवं परीक्षा प्रमुख के रूप में श्री राम मणि मिश्र, प्रधानाचार्य डॉ0 हेडगेवार सरस्वती शिशु मंदिर लखीमपुर का मार्गदर्शन सभी शिशुओं को प्राप्त हुआ। परीक्षा विभाग की सभी स्थानीय व्यवस्थाएं विद्यालय के परीक्षा प्रमुख श्री ज्ञानेंद्र कुमार बाजपेई एवं सहायक परीक्षा प्रमुख श्री चंद्रपाल सिंह जी की देखरेख में संपन्न हुई।

# दीक्षान्त समारोह का आयोजन किया गया





पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सीबीएसई बोर्ड लखीमपुर खीरी में कक्षा 12 के भैयाओं के लिए कक्षा 11 के भैयाओं द्वारा दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी लखीमपुर खीरी अनिल सिंह जी, विद्यालय प्रबंधक रवि भूषण साहनी जी व विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद सिंह चौहान जी द्वारा माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर

मातृ भारती की बहने व विद्वत परिषद के सम्मानित सदस्य भी उपस्थित रहे। कक्षा 11 के भैया बहनों के द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए।भैया युवराज जायसवाल द्वारा नृत्य व बहनों के द्वारा समूह गीत प्रस्तुत किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के द्वारा विद्यालय की विवरणिका का विमोचन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद सिंह चौहान जी ने अपने वक्तव्य के द्वारा भैयाओं को आने वाली बोर्ड परीक्षा के लिए शारीरिक व मानसिक रूप से तैयार रहने के लिए कहा गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि द्वारा भैया बहनों को आने वाले भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई व उन्हें भविष्य में कैसे और क्या करना चाहिए इसका मार्गदर्शन किया। अंत में विद्यालय के प्रबंधक रवि भूषण साहनी जी ने कार्यक्रम में आए हुए मुख्य अतिथि,विद्यत परिषद के सदस्य,मातृ भारती की बहनों व विद्यालय के भैया बहनों का आभार व्यक्त किया।

















# कक्षा 12 के भैयाओं का दीक्षान्त समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया



विद्या भारती विद्यालय पं. दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज (यू.पी. बोर्ड), ग्राम व पोस्ट उदयपुर, गोला रोड, लखीमपुर–खीरी में कक्षा द्वादश के भैयाओं के दीक्षान्त समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एस0डी0एम0, सदर श्रीमती श्रद्धा सिंह जी, विभाग प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ श्री अभिषेक जी, प्रबन्ध समिति कोषाध्यक्ष डॉ0 अजय कुमार आगा जी, प्रबन्ध समिति सदस्य, बालिका विद्या मन्दिर श्रीमती सीमा साहनी जी, पूर्व छात्र परिषद सचिव डा0 जयराम जी व विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह जी ने सर्वप्रथम पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी की मूर्ति पर माल्यर्पण व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और पुष्पार्चन कर किया। आये हुए अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह जी ने कराया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एस.डी.एम. सदर श्रीमती श्रद्धा सिंह जी नें भैयाओं को बताया कि यहां आकर मुझे शान्ति सुकून और अनुशासन का अनुभव हो रहा है यही तीन चीजें जीवन में सफलता का मूल मंत्र हैं। आप लोग जीवन के बहुत ही महत्वपूर्ण मोड़ पर हैं। जब बच्चा जन्म लेता है तो वह अपनी मां और परिवार से सीखता है इसे अनौपचारिक



शिक्षा कहते हैं, फिर वह स्कूल से शिक्षा लेता है उसे औपचारिक शिक्षा कहते हैं। आप लोग दोनों प्रकार की शिक्षा प्राप्त कर चुके हैं, अब आप उस मोड़ पर हैं जहाँ से आपको अपना लक्ष्य निर्धारित करना है और लक्ष्य प्राप्ति के लिए स्वयं को मोटिवेट करना अति आवश्यक है, स्वयं के मोटिवेशन, परिश्रम और अनुशासन से लक्ष्य आसानी से प्राप्त हो जाता है अन्त में उन्होंने कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती है... ..............कविता कह कर अपनी वाणी को विराम दिया। तत्पश्चात विभाग प्रचारक श्री अभिषेक जी नें भैयाओं को बताया कि मनुष्य जीवन पाने के बाद व्यक्ति बंधन में बंध जाता है। यह विदाई की घड़ी जो हमारे जीवन में आई है यह एक मर्यादा है। अनुशासन हमारे जीवन की पहचान है नौकरी करना ही हमारे जीवन का लक्ष्य नहीं है। अच्छे डाक्टर, अच्छे इंजीनियर बनने के साथ–साथ अच्छा इंसान अवश्य बनिए। वन्दना मंच की तरफ से हे राम..........भजन प्रस्तुत किया गया। आचार्य श्री सुनील कुमार मिश्र जी ने बताया कि आप लोग अपने प्रगति के मार्ग पर जा रहे हैं और बड़े–बड़े विश्वविद्यालयों में यहां की छाप छोडेंगे। इससे पूर्व भी यहां के कई भैयाओं ने देश स्तर व प्रदेश स्तर पर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। इसके बाद विद्यालय पूर्व छात्र परिषद सचिव डा0 जयराम जी ने बताया कि आज आपकी विदाई देखकर मुझे अपने दिनों की विदाई याद आ गयी। उन्होंने बताया कि विद्या भारती के विद्यालय ही ऐसे विद्यालय हैं जो अपने छात्रों को छोड़ते नहीं हैं। शेष आप चाहे जहाँ चले जायें कहीं भी आप पूर्व छात्र परिषद नहीं पायेंगे। अन्त में उन्होंने कहा कि आप यहाँ से जाने के बाद भी विद्यालय के पूर्व छात्र परिषद से अवष्य जुड़े रहें। इसके बाद भैया रणवीर ने एक सुन्दर सा गीत प्रस्तुत किया। कक्षा 12 के भैया सजल मिश्रा ने अपने विद्यालय से जुड़े संस्मरणों को सभी के साथ साझा किया। इसके बाद विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री विजय कुमार श्रीवास्तव जी नें विदाई गीत प्रस्तुत किया। विद्यालय के कोषाध्यक्ष डॉ0 अजय कुमार आगा जी नें भैयाओं को बताया कि यह फरवरी का महीना आपके जीवन के लिए सदैव याद रहेगा क्योंकि यह परीक्षा की तैयारी का निर्णायक महीना है उन्होंने कहा कि संघर्ष ही जीवन है।















उन्होंने भैयाओं को परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दीं और अन्त में कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों का आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 11 के भैया कृष्ण प्रताप सिंह नें आचार्य श्री सर्वेन्द्र कुमार अवस्थी जी के सहयोग से किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# विश्व कैंसर दिवस मनाया गया



विद्या भारती विद्यालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज यूपी बोर्ड लखीमपुर खीरी में आज विश्व कैंसर दिवस का कार्यक्रम वंदना सभा में मनाया गया जिसमें विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य जीव विज्ञान प्रवक्ता श्री विजय कुमार श्रीवास्तव जी ने बताया विश्व कैंसर दिवस 4 फरवरी को कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम, पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। विश्व कैंसर दिवस, 2008 में लिखे गए विश्व कैंसर घोषणा के लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए यूनियन फॉर इंटरनेशनल कैंसर कंट्रोल (यूआईसीसी) के नेतृत्व में कार्यरत है। विश्व कैंसर दिवस का प्राथमिक लक्ष्य कैंसर और बीमारी के कारण होने वाली मौतों को कम करना है। बहुत से लोग कैंसर को दूर करने के लिए आध्यात्मिकता का भी सहारा लेते है। वर्तमान में, दुनिया भर में हर साल 76 लाख लोग कैंसर से दम तोड़ते हैं जिनमें से 40 लाख लोग समय से पहले (30–69 वर्ष आयु वर्ग) मर जाते हैं। इसलिए समय की मांग है कि इस बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ कैंसर से निपटने की व्यावहारिक रणनीति विकसित करना है। वर्ष 2025 तक, कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली प्रति वर्ष 60 लाख मौतों के बढ़कर  होने का अनुमान है। यदि विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2025 तक कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों में 25 प्रतिशत कमी के लक्ष्य को हासिल किया जाए तो हर साल 15 लाख जीवन बचाए जा सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर योगेंद्र प्रताप सिंह जी ने बताया की जानकारी ही बचाव है हमें किसी भी समस्या या बीमारी का मन में तनाव नहीं लेना चाहिए बल्कि उसके बारे में जानकारी एकत्र करना तथा उसका निदान एवं उपचार के बारे में जानकारी करनी चाहिए कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के आचार्य श्री अजय कुमार तिवारी जी ने किया इस अवसर विद्यालय के समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# रायबरेली संकुल




## माँ सरस्वती का जन्मोत्सव मनाया गया



गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर में बसंतोत्सव का कार्यक्रम सुंदरकांड के साथ आरंभ हुआ। कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस उत्सव के साथ विद्यारंभ का कार्यक्रम एवं मातृ –पितृ पूजन का कार्यक्रम भी संपन्न हुआ इसके साथ ही समरसता भोज का भी कार्यक्रम विद्यालय में संपन्न किया गया इन कार्यक्रमों में विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं प्रबंधक श्रीमान विमल तलरेजा जी सह प्रबंधक अमरेंद्र बहादुर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमान जेडी द्विवेदी जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य एवं आचार्या बहनों की भूमिका सराहनीय रही ।






# बसन्तोत्सव धूमधाम से मनाया गया




सरस्वती शिशु मंदिर बाबूगंज में मां सरस्वती का जन्मदिन बसंत उत्सव कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया गया इस मौके पर विद्यालय के सदस्य श्री अशोक कुमार सिंह पांडे जी तिवारी जी और कई अभिभावक विद्यालय में उपस्थित रहे विद्यालय में सर्वप्रथम सुंदरकांड के कार्यक्रम का आयोजन हुआ। तत्पश्चात हवन पूजन करने के पश्चात विद्यालय के सांस्कृतिक कार्यक्रम देशभक्ति कार्यक्रम करवाए गये। इस मौके पर भैया बहनों को भी हवन में सम्मिलित किया गया तथा कुछ बच्चों का पाटी पूजन संस्कार भी करवाया गया प्रधानाचार्य वीरेंद्र विक्रम सिंह ने भैया बहनों को अनुशासन में रहने में विद्यालय आने के लिए कहा तथा विद्यालय के स्टाफ का प्रबंध समिति का अच्छा सहयोग रहा इस मौके पर वंदना जी मनीष जी ममता जी दिलीप जी रिंकी जी, सूरज काली जी और वंदे मातरम के पश्चात प्रधानाचार्य जी ने सूचना देकर कल समय से आने के लिए कहा।

# पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया नेताजी का जन्मदिन



महाराजगञ्ज। कस्बे के पूरे सुखई स्थित संस्कार पूर्ण, सेवा परायण विद्यार्थियों के निर्माण में ख्याति लब्ध पवित्र संस्थान स्वदेश सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज महाराजगञ्ज रायबरेली में क्रांतिकारी विचारों से ओत प्रोत महानायक नेता सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम का संयोजन नेताजी सुभाष चंद्र बोस विचार मञ्च महाराजगंज रायबरेली के तत्वाधान में हुआ। जिसका आरम्भ विचार अध्यक्ष एवं पूर्व छात्र प्रशांत जायसवाल, संतोष सिंह उर्फ प्रिंकल सिंह, उपाध्यक्ष, महामंत्री संदीप वैश्य, रमजान, राहुल एवं मोहम्मद फैजल की गरिमामयी उपस्थित एवं दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात किया गया। दशम कक्षा की

बहन माही गुप्ता ने सभी आगंतुकों को तिलक लगाकर अभिनन्दन किया। विद्यालय के सर्वप्रिय प्राचार्य श्री वीरेंद्र वर्मा द्वारा नेताजी के संघर्षपूर्ण जीवन पर विस्तृत चर्चा की गई। पूर्व छात्र एवं अध्यक्ष प्रशांत जी द्वारा विद्यालय को दो पंखे नेताजी सुभाषचन्द्र बोस विचार मञ्च की ओर से सप्रेम भेंट किया गया एवं उपस्थित भैया बहनों को मिष्ठान वितरित करते हुए उन्होंने भविष्य में विद्यालय के लिए हर संभव सहयोग के लिए संकल्प लेते हुए कहा कि आज हम और हमारे कार्यकर्ता साथियों में जो समाज सेवा का भाव है वह विद्या मन्दिर की देन है।इस कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं संचालन में आचार्य राकेश मिश्रा जी की अहम भूमिका रही। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य, भैया– बहन एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बलरामपुर संकुल

## सम्मानित किया गया



सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रमनापार्क बलरामपुर प्रबंध समिति के द्वारा श्री राजेन्द्र सिंह जी मोहल्ला तुलसी पार्क बलरामपुर को उनके सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ कौशल्या जी, प्रबंधक डॉक्टर सतीश सिंह जी , कोषाध्यक्ष संजय शर्मा जी, प्रधानाचार्य राम तीरथ यादव जी उपस्थित रहे। संयुक्त रूप से समिति के पदाधिकारी द्वारा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# उन्नाव संकुल



## विभिन्न कार्यक्रम सम्पन्न



सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज गोपीनाथपुरम शुक्लागंज उन्नाव के विशाल प्रांगण में भगवान श्रीराम का शबरी की कुटिया में आना और शबरी के जूठे बेर खाना , भगवान का शबरी की राम के प्रति अथाह प्रेम का सजीव मंचन किया गया । जिसमें विद्यालय के प्रबन्धक राकेश जी , संघ के नगर प्रचारक आकाश जी व विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेन्द्र कुमार मिश्रा जी ने माँ वीणापाणि के चरणों मे पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किया और कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ जिसमे विद्यालय के आचार्य शशिकांत जी ने श्रीरामचरितमानस की चौपाइयों शुरू किया व श्रीराम के भजनों से समां बांध दिया । विद्यालय की छात्राओं ने मेरी झोपड़ी के आज भाग्य खुल जाएंगे ,राम आयेंगें के नृत्य के साथ मंचन कर कार्यक्रम में सजीवता पैदा कर दी। भगवान श्रीराम की आरती की गई व 22 जनवरी को भगवान श्री राम की अयोध्या में प्राणप्रतिष्ठा के मौके पर घर–घर दीपावली मनाने का आवाहन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जी ने सभी छात्र/ छात्राओं से भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलने व उनको अनुकरण करने के लिए कहा। कार्यक्रम की समस्त रूपरेखा विद्यालय की आचार्या बहिन रंजना जी , प्रीति जी , भाग्यलक्ष्मी जी व रचना जी के द्वारा तैयार किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागिता करने वाले छात्र/ छात्राओं को मा0 प्रबन्धक जी ने पुरस्कृत किया । अन्त में कल्याण मन्त्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के आचार्य रविशंकर श्रीवास्तव जी ने किया ।

# सरस्वती संस्कार कार्यक्रम मनाया गया





सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज गोपीनाथपुरम शुक्लागंज उन्नाव में विद्यालय में ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती जी के  जन्मोत्सव , पण्डित सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला व वीर हकीकत रॉय का बलिदान दिवस में मनाया गया। बसन्तपंचमी के शुभ अवसर पर विद्यालय में पंचकुंडीय हवन का आयोजन हुआ जिसमें विद्यालय के प्रबन्धक श्री राकेश कुमार जी उपस्थित रहे । इस अवसर पर सरस्वती संस्कार कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 6 से 11 तक के नवीन छात्रों को सरस्वती संस्कार में प्रतिभाग कराया गया ऐसे छात्रों की संख्या लगभग 45 रही । कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य श्री नरेन्द्र कुमार मिश्रा जी ने माँ सरस्वती जी के चरणों में पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किया । माँ वीणापाणि की वन्दना कर सभी आचार्य व छात्र/ छात्राओं ने शुभाशीष लिया । सभी ने हवन कुण्ड में हवन सामग्री शाकल्य की आहुतियां दीं । माँ सरस्वती जी की आरती हुई और प्रसाद वितरित किया गया । विद्यालय के प्रबन्धक जी ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्रों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया । विद्यालय के प्रधानाचार्य जी ने आचार्यों को भी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया । इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य , छात्र अभिभावक व समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।






# बाराबंकी संकुल




## राम रूप सज्जा प्रतियोगिता सम्पन्न



विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज तहसील फतेहपुर, बाराबंकी में आज अनेक भैया / बहन रामरूप सज्जा महोत्सव के तहत प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण, सीता सहित रामायण के अन्य पात्रों के विभिन्न रूप धारण कर नगर भ्रमण में अयोध्या को जीवंत कर दिया। विद्यालय के छत्रपति शिवाजी वंदना सभागार में आराध्य मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, त्याग के प्रतीक लक्ष्मण,माता सीता को रोली अक्षत लगाकर दीप, नैवेद्य द्वारा प्रबंध समिति के पदाधिकारी,आचार्य बंधु वा आचार्या बहनों, पत्रकार जगत सहित अनेक भैया/बहनों ने आरती की। रामरूप सज्जा महोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदरणीय जिला प्रचारक श्रीमान सुदीप जी द्वारा विद्यालय के



मुख्य भवन से झंडी दिखाकर नगर भ्रमण के लिए रामरूप महोत्सव झांकी रवाना की गई। झांकी विद्यालय के मुख्य भवन से फूलवाली गली, सट्टी बाजार, तहसील चौराहा,पटेल चौराहा होते हुए वापस मुख्य भवन पर जाकर समाप्त हुई। विद्यालय के समस्त भैया/ बहन जय



श्रीराम का जयघोष और राम नाम की पट्टिका गले में डाले नगर भ्रमण करते हुए हर घर के बाहर, माताओं बहनों, पुरुषो ने बाल रूप से तरुनाई तक के प्रभु श्रीराम के साथ, अन्य रूप से सुसज्जित लक्ष्मण, माता सीता का स्वागत तिलक लगाकर फिर आरती की और कहा आज उनका जीवन धन्य हो गया। आज के इस कार्यक्रम के नियोजक विद्यालय के यशस्वी प्रधानचार्य श्री सुनील सिंह श्रेयांश जी,तथा इस महोत्सव के संयोजक गणित प्रवक्ता श्री पुरुषोत्तम कुमार जी रहे। इस अवसर पर अनेक भैया/ बहन, आचार्य बंधु, आचार्या बहनें, अभिभावक, सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मॉ. सरस्वती का पूजन अर्चन किया गया



विद्या मां सरस्वती के जन्म दिवस के अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लखपेडाबाग बाराबंकी में बसंत पंचमी (सरस्वती पूजन एवं हवन )का पर्व धूमधाम से मनाया गया, इस पावन अवसर पर पूर्व प्रबंधक की धर्मपत्नी श्रीमती तृप्ता अग्रवाल एंव विद्यालय के उपाध्यक्ष डॉ. आर. एस. गुप्त, विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री शैलेंद्र प्रताप सिंह ने हवन पूजन किया, इस अवसर पर श्री देवी शरण गुप्त ,श्री ललराम चौधरी एवं श्री कपिल अग्रवाल उपस्थित रहे, इस पावन अवसर पर 18 भैया, 32 बहन (कुल 50) का विद्यारम्भ संस्कार एंव सरस्वती संस्कार 19 भैया 18बहन (कुल 37) का किया गया एंव 05 का मातृ/पितृ पूजन किया गया। विद्यारम्भ संस्कार पंडित श्री अशोक कुमार मिश्र ने विधिवत कराया। इस अवसर पर 25 अभिभावक एव 50 माताएं एंव विद्यालय के सभी आचार्य /आचार्या बहने एवं सभी भैया बहन उपस्थित रहे ।








# दीक्षान्त समारोह आयोजित किया गया

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज तहसील फतेहपुर बाराबंकी में आज कक्षा 12 के भैया / बहनों का दीक्षांतोत्सव समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के यशश्वी प्रधानाचार्य श्रीमान सुनील कुमार सिंह ष्श्रेयांशष जी द्वारा कर मां शारदे के चरणों में दीप प्रज्वलन और पुष्पार्जन कर किया गया। आए हुए अतिथियों का परिचय श्रीमान अनिल कुमार जी (हिंदी प्रवक्ता) द्वारा कराया गया।विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य श्रीमान सुनील कुमार सिंह ष्श्रेयांशष ने बोर्ड के परीक्षार्थियों को शुभकामना वा आशीर्वचन देते हुए कहा कि ष्व्यक्ति वही देता है,जो उसके पास होता है।ष नीर क्षीर विवेकी बन समाज का कल्याण करने के लिए हर समय उपस्थिति रहकर अपनी पृथक पहचान बनाओ।आप यहा से हर वह अच्छी बात लेकर जाए जो आपका उत्थान कर सके। राम चरित मानस के कई प्रकरण से जीवन को संकल्प से सिद्धि की ओर ले जाने को कहा। दुनिया में पहचान बनाने के लिए सभी दस दिशाओं में पहुंचकर अपना नाम रौशन करना है तो अपने लक्ष्य को ऊंचा उठाना ही पड़ेगा। इस समारोह में कक्षा 11 वा 12 के भैया अर्पित मिश्रा, श्रेयंक यादव बहन रिया वर्मा,अंकिता वर्मा,लक्ष्मी वर्मा,मरियम हमीद, आरती,साक्षी,महक वर्मा,अलका वर्मा,अर्चना वर्मा,सुबुही खातून, शिखा, ने अपने अनुभव साझा कर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। पूर्वानुमानित परीक्षा(एक और दो में) 12 और 10 के सभी वर्गो से पांच पांच मेधावियों को सामूहिक रूप से प्रबंध कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के साथ आदरणीय प्रधानाचार्य द्वारा पुरस्कृत कर उन्हें बोर्ड परीक्षा में इसी तरह प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। सामाजिक विज्ञान के (वरिष्ठ अध्यापक) दिनेश वीर विक्रम जी ने अपने वक्तव्य में कहा कि ज्ञान ,चरित्र,संयम के प्रयोग से समाज कल्याण कर अपने कुल,गांव,देश और समाज का कल्याण करने वाले बनना चाहिए। आज के इस अवसर पर विद्यालय कार्यकारिणी के प्रबंधक श्री लाल बहादुर, उपाध्यक्ष श्री अहिबरन सिंह, कोषाध्यक्ष श्री विजय जैन सहित अन्य पदाधिकारी, आचार्य बंधु/ आचार्या बहनें विद्यालय के सभी भैया / बहन उपस्थित रहे। इस समारोह के कार्यक्रम का संचालन हिंदी प्रवक्ता श्री अनिल कुमार द्वारा किया गया।




# बसन्तोत्सव का भव्य दिव्य आयोजन हुआ









सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज तहसील फतेहपुर बाराबंकी के मुख्य भवन में बसंत महोत्सव के साथ भवन शिलान्यास,विद्यारंभ संस्कार,सरस्वती संस्कार,तथा मातृ पितृ पूजन कार्यक्रम का मुख्य अतिथि और विशिष्ठ अतिथियों सहित विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारियो ने संयुक्त रूप से मां शारदे के चरणों में दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन कर श्री गणेश किया ।तत्पश्चात उक्त अतिथियों ने भवन का शिलान्यास किया उसके बाद वेदारंभ और सरस्वती संस्कार हेतु आए हुए अतिथि और अभिभावकों द्वारा सामूहिक रूप से पूजन में सम्मिलित भैया/ बहन को अभ्यास पुस्तिका,पेंसिल, रबड़ आदि वितरित की गई । विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य श्रीमान सुनील सिंह "श्रेयांश" जी ने सभी अतिथियों का परिचय कराया। बहनों द्वारा सरस्वती वंदना की भावपूर्ण प्रस्तुति के बाद कई सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। आज के इस पावन अवसर पर बोलते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदरणीय संजय जी (सह प्रांत प्रचारक, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ–अवध प्रांत) ने कहा कि सा विद्या विमुक्तये भौतिक ज्ञान की तुलना में आज बच्चो में वैदिक संस्कृति का ज्ञान होना बहुत ही जरूरी है। ज्ञान वह है, जो हमे बाधाओं का निराकरण










सिखाए और ऐसा ज्ञान विद्या मंदिर ही देते है। आज के इस भौतिकतावादी संसार में यह देवालय ही आध्यात्मिक और नैतिक गुणों के विकास के मुख्य आधार है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आदरणीय गंगाबक्श सिंह जी (विभाग संचालक–अयोध्या), मुख्य वक्ता रामजी सिंह (प्रदेश निरीक्षक– भारतीय शिक्षा समिति उत्तर प्रदेश) ने भैया / बहनों सहित अभिभावकों को बसंतोत्सव की शुभकामनाएं दी। इस सुअवसर पर भैया/ बहनों द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिनकी भूरि भूरि प्रशंसा विद्यालय प्रांगण में उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा की गई।विशिष्ठ अतिथि के नाते आदरणीय सुदीप जी(जिला प्रचारक बाराबंकी),आदरणीय सुधीर कुमार जी (जिला कार्यवाह, बाराबंकी),आदरणीय अवरीश जी ( संभाग निरीक्षक लखनऊ संभाग), श्री रामकुमार गिरि जी (अध्यक्ष प्रधानाचार्य परिषद)जनप्रतिनिधि श्री साकेंद्र प्रताप वर्मा सदस्य विधान सभा, श्री अवनीश सिंह सदस्य विधान परिषद, श्री अंगद सिंह सदस्य विधान परिषद, उमेश चंद्र द्विवेदी शिक्षक विधायक लखनऊ,श्रीमती राजरानी रावत (अध्यक्ष जिला पंचायत बाराबंकी) उपस्थित रहे। संस्कार सहित सभी पांडित्य कर्म विख्यात पुरोहित पंडित गंगा प्रसाद तिवारी जी द्वारा संपन्न कराए गए। कार्यक्रम का संचालन हिंदी प्रवक्ता वीरेंद्र शर्मा जी ने किया।



# हरदोई संकुल

## माइक्रो टीचिंग का अभ्यास किया गया



विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित सरस्वती शिशु /विद्या मंदिर विष्णुपुरी हरदोई में  तक शिशुओं का अवकाश होंने के कारण आचार्यों द्वारा सूक्ष्म शिक्षण का अभ्यास किया गया। आचार्य श्री विनय कुमार सिंह जी ने हिन्दी विषय का शिक्षण किया। उसके पश्चात आचार्य श्री रमेश बाजपेई जी ने संस्कृत विषय का शिक्षण किया। श्री वीरेन्द्र जी विज्ञान तथा आचार्य श्री राजेश जी गणित व श्रीमती रति जी अंग्रेजी की तैयारी करके आये और सभी के मध्य शिक्षण किया । सूक्ष्म शिक्षण के क्रम में श्री परमेश्वर दीन जी ने कम्प्यूटर शिक्षा तथा श्री अमलकांत जी ने सुलेख सुधार हेतु अभ्यास कराया। शिक्षण के उपरांत सभी बन्धु प्रभु श्री राम जी के आगमन की तैयारी के लिए स्वछता अभियान भी चलाते रहे।

## मातृ सम्मेलन का कार्यक्रम हुआ




सरस्वती शिशु/ विद्या मंदिर विष्णुपुरी हरदोई में आज मातृ सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि डाक्टर शीला पाण्डेय , विशिष्ट अतिथि श्रीमती कुमुदिनी देवी,मुख्य वक्ता श्रीमती अलका गुप्ता , कार्यक्रम के अध्यक्ष श्रीमान इंद्रेश्वर नाथ गुप्त जी को बहनों ने रोली अक्षत लगाकर उत्तरीय और पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। वक्ताओं  ने परिवार में माता की भूमिका की ओर इंगित किया। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ध्यान देने के लिए उनका ध्यान आकर्षित किया। आए हुए सुझावों के समाधान के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विनोद कुमार सिंह ने सभी माता/ बहनों को आश्वस्त किया। मंच का संचालन श्री सुशील कुमार सिंह जी व आभार ज्ञापन श्री परमेश्वर दीन जी द्वारा किया गया।

# अम्बेडकर नगर संकुल

## हवन पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ



विवेकानंद शिशु कुंज सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनटीपीसी टांडा अंबेडकर नगर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम के तहत आज विद्यालय में हवन पूजन का कार्यक्रम विधि विधान से संपन्न हुआ। जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान काली प्रसाद मिश्रा जी द्वारा हवन पूजन का कार्यक्रम संपन्न कराया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भैया बहन एवं आचार्य, आचार्या बहने उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक आचार्य श्री हरिदेव शुक्ला जी के देखरेख में संपन्न हुआ।

## हवन पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ






विवेकानंद शिशु कुंज सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनटीपीसी टांडा अंबेडकर नगर में धूमधाम से मनाया गया मां सरस्वती का जन्मोत्सव। कार्यक्रम का प्रारंभ हवन पूजन के साथ हुआ।इस अवसर पर शिशुओं का विद्यारंभ संस्कार श्रीमती रंजना त्रिपाठी आचार्या जी के द्वारा संपन्न कराया गया। हवन में मुख्य यजमान की भूमिका में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान काली प्रसाद मिश्रा जी उपस्थित रहे साथ ही सभी आचार्य बंधु ,आचार्या बहिनें, अभिभावक बंधु एवं सभी भैया /बहिनों ने उत्साह पूर्वक सहभाग किया।




# विद्यालय का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया





विवेकानंद शिशु कुंज सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनटीपीसी टांडा अंबेडकर नगर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमान नील कुमार शर्मा जी (महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण एनटीपीसी टांडा अंबेडकर नगर), विशिष्ट अतिथि श्रीमान सुरेंद्र कुमार श्रोत्री जी (अपर महाप्रबंधक एनटीपीसी टांडा), कार्यक्रम के अध्यक्ष माननीय अवरीश कुमार जी (संभाग निरीक्षक, साकेत संभाग), कार्यक्रम में मुख्य वक्ता श्रीमान अंजनी कुमार वर्मा जी (अध्यक्ष विवेकानंद शिशु कुंज सीनियर सेकेंडरी स्कूल), एनटीपीसी एवं संघ के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान काली प्रसाद मिश्रा जी ने आए हुए मुख्य अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र श्रीफल स्मृति चिन्ह देकर किया। विद्यालय का वृत्त निवेदन विद्यालय के प्रबंधक श्रीमान अखंड प्रताप सिंह जी ने किया ।

इसके पश्चात विद्यालय के भैया बहनों द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जीवन आदर्श पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसमें राम जन्मोत्सव, अहिल्या उद्धार, केवट राम संवाद, चित्रकूट में भरत मिलाप आदि कार्यक्रम संपन्न हुआ। विद्यालय में दीपोत्सव का कार्यक्रम भी मनाया गया जिसमें 2501 दिया जलाया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 800 अभिभावक एवं आस–पास से लगभग 1500 से अधिक संख्या में लोग उपस्थित हुए। आभार ज्ञापन विद्यालय समिति सदस्य डॉक्टर करुणा वर्मा जी ने किया । विद्यालय के भैया बहन एवं आचार्य, आचार्या बहनों के सहयोग से कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा।



















# बसंत पंचमी व पाटी पूजन कार्यक्रम सम्पन्न

विद्या भारती विद्यालय राम हरख सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लोहिया नगर शहजादपुर अकबरपुर अंबेडकर नगर मैं बसंत पंचमी व पार्टी पूजन का कार्यक्रम हवन पूजन के साथ संपन्न हुआ इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अकबरपुर की प्रधानाचार्य श्रीमती विद्यावती जी रही कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि आंगनबाड़ी कार्यकत्री पूर्वी शहजादपुर श्रीमती स्निग्धा पांडे रही कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती शशि लता पांडे विद्यालय की अभिभाविका रही एम मुख्य अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव प्रसाद मिश्र ने कराया विद्यालय के प्रबंधक डॉ उदय प्रताप सिंह ने विद्यालय का वृत्त प्रस्तुत किया सुश्री ऐश्वर्या पांडे जी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं वंदन का कार्यक्रम भैया बहनों द्वारा प्रस्तुत कराया विद्यालय की साज सज्जा श्रीमती प्रियंवदा मिश्रा और श्रीमती पूजा तिवारी ने किया कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के आचार्य विनय सिंह ने किया और उनका सहयोग विद्यालय के आचार्य कुलदीप त्रिपाठी ने किया।









# गोण्डा संकुल




## विभिन्न कार्यक्रम किये गये



अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर में भगवान राम लाल के विराजमान होने की प्रसन्नता आस्था के रूप में समाज में प्रवाहित हो रही है हर कोई इस आयोजन से अपने को जोड़कर एक छोटा पुष्प राम के चरणों में समर्पित कर रहा है। भारत में ही नहीं किंतु विश्व के कोने–कोने में राम की प्राण प्रतिष्ठा का उल्लास है। प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही भारत में एक प्रकार से रामराज का आगमन हो रहा है। उक्त विचार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मालवीय नगर के सभागार में संकुल प्रमुख प्रधानाचार्य डॉ बृजेंद्र कुमार मिश्रा ने भजन गायन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। भजन गायन कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं राम जी के चित्र पर पुष्पा अर्चन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। शनिवार को आयोजित भजन गायन कार्यक्रम में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज एवं सरस्वती बालिका विद्या मंदिर के बालिकाओं द्वारा मनमोहक भजन कार्यक्रम संपन्न हुआ । भजन कार्यक्रम में भगवान राम के ऊपर अभिनय किए हुए गीतों का प्रस्तुतीकरण बच्चों द्वारा किया गया । इन प्रस्तुतियों  में सजा दो घर को गुलशन सा, कभी राम बनके कभी श्याम बनके, आज गली–गली अवध मनाएंगे, नगरी हो अयोध्या सी, हमारे साथ श्री रघुनाथ सहित अन्य भजनों का मनमोहन गायन किया गया। प्रस्तुति देने वाली बहनों में स्नेहा तिवारी, वर्तिका मिश्रा, रुचि त्रिपाठी नव्या सिंह उषा पांडेय रिया, रिया सेन पाठक, अंशिका श्रीवास्तव, प्रेरणा मिश्रा, श्रेया शर्मा ,अदिति सिंह, सहित अन्य बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम को श्रोताओं ने खूब सराहा। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आचार्य जितेन्द्र पांडेय हलचल ने किया।

# अति महत्वपूर्ण तिथियां

**माह फरवरी–**

| | | |
|---|---|---|
| 4 माघ कृष्ण नवमी | रविवार | विश्व कैंसर दिवस |
| 14 माघ शुक्ल पंचमी | बुधवार | सरस्वती पूजन, वीर हकीकतराय बलिदान दिवस<br>विद्यारम्भ संस्कार दिवस (कार्यक्रम) |
| 19 माघ कृष्ण तृतीया | शनिवार | श्री माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर जयन्ती |
| 23 माघ शुक्ल चतुर्दशी | शुक्रवार | संत रविदास जयंती कार्यक्रम |
| 24 माघ पूर्णिमा | शनिवार | संत रविदास जयंती अवकाश |
| 29 फागुन कृष्ण पंचमी | गुरूवार | विद्यालय स्तरीय दक्षता वर्ग |




# भारतीय शिक्षा समिति, उ.प्र.
# अवध प्रान्त
## सरस्वती कुन्ज निरालानगर, लखनऊ